पंजीयन संख्या : 444 / 82 - 83 दिनांक : 29.09.82 ☎ 0291-2712341

''सच्ची शिक्षा हृदय को सुन्दर ज्योति से प्रदीप्त करती है।''

संचालित – श्री वरुण शिक्षण संस्थान, (रजि.) जोधपुर

श्री वरुण शिक्षण संस्थान (रजि.)

12 – सेक्टर, चौपासनी हाउसिंग बोर्ड, जोधपुर, पिनकोड –342008 (राज.)

क्रमांक – VSS/2026-27/ **दिनांक – 22.04.2026**

<u>श्री वरुण शिक्षण संस्थान में Blue Day Celebration किया गया</u>

श्री वरुण शिक्षण संस्थान, 12 सेक्टर, चौपासनी हाउसिंग बोर्ड, जोधपुर द्वारा संचालित वरुण पब्लिक सीनियर सैकण्डरी स्कूल दिनांक 22.06.2026 बुधवार को **Blue Day** मनाया गया। इसके अन्तर्गत विद्यालय में बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं पौधारोपण का आयोजन किया गया। कक्षा नर्सरी, के.जी. व प्रेप के नन्हें–मुन्नों इस अवसर पर नीले रंग के परिधान में सजकर आये। उन्हें नीले रंग से सम्बन्धित एक्टिविटी करवाई गई तथा धरती को साफ–सुथरा रखने के लिए कचरा इधर–उधर फैलाने की बजाय कूड़ेदान में डालने के लिए समझाया तथा गीला कचरा व सूखा कचरा अलग–अलग करने का कार्य उदाहरणों द्वारा समझाया ताकि वे पृथ्वी को बचाने व उसकी उपयोगिता समझ सकें। कक्षा तीसरी से सातवीं तक के विद्यार्थी अपने साथ नन्हें–नन्हें पौधे विद्यालय में पौधारोपण के लिए लेकर आए व अपने हाथों से पौधारोपण कर हमेशा उनकी देखभाल करने की जिम्मेदारी सहर्ष ग्रहण की तथा पृथ्वी एवं पर्यावरण को बचाने की महत्ता को समझा। कक्षा आठवीं से दसवीं तक के विद्यार्थियों के लिए 'पृथ्वी बचाओ' विषय पर एक चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा को बड़ी खूबसूरती से दर्शाया। इन सभी कार्यक्रमों को सफल बनाने में सभी कक्षाध्यापिकाओं एवं एक्टिविटी इंचार्ज सुश्री आयुषी सोलंकी एवं श्रीमती तरुणा बालानी का भरपूर सहयोग रहा।

श्री वरुण संस्थान के **फाउंडर मैनेजर एवं प्रथम गुरु श्री लखनलाल जी अरोड़ा, कार्यकारिणी सदस्य श्रीमान् विजय अरोड़ा**, विद्यालय की **प्राचार्या श्रीमती अनिता जैन एवं कार्डिनेटर श्रीमती अंजू अग्रवाल** द्वारा विद्यार्थियों के साथ पौधारोपण किया गया एवं उन्हें **'पृथ्वी बचाने एवं पर्यावरण बचाने'** के बारे में समझाया तथा उन्हें भविष्य में पृथ्वी को साफ–सुथरा रखने में अपने योगदान देने की शपथ दिलवाई।